स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय अध्यक्ष का संबोधन

स्वतंत्रता दिवस अमृतकाल के अंदर हम सबके लिए नए संकल्प का, नए विचारों का, नए उत्साह का और नया विकसित भारत बनाने का स्वतंत्रता दिवस है। मुझे आशा है कि संपूर्ण देशवासी सामूहिकता के साथ मिलकर अपने-अपने कर्तव्यों और दायित्वों को निभाते हुए, जो विकसित भारत का हमारा सपना है, उस विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे।

मैं सभी को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। मैं लोगों से अपील करता हूं कि उस समय देश के हर नागरिक ने स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज हमको विकसित भारत बनाने के लिए सामूहिकता से, व्यक्तिगत रूप से भी इस संकल्प के साथ जुड़ना है। स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों की प्रेरणा हमें, हमारे इस कार्य में मदद करेगी।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बहुत-बहुत बधाई।